लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर बधाई दी

नई दिल्ली, 02 अगस्त 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा, "मैं साथी नागरिकों को भाई बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षा बंधन की हार्दिक मंगलकामनाएं देता हूं। यह दिन आप सभी के जीवन में खुशियां सुख और समृद्धि लेकर आए, ईश्वर से मेरी यही कामना है।

रक्षा बंधन का पर्व भारतीय संस्कृति और परम्परा का महत्वपूर्ण भाग है। पौराणिक काल से लेकर आधुनिक काल तक विभिन्न अवसरों पर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाए जाने तथा इसके महत्व का उल्लेख मिलता है। यह त्यौहार सभी धर्मों का, सभी वर्गों का साझा त्यौहार है। यही भारतीय संस्कृति की खूबसूरती है कि हम सभी त्यौहार एवं पर्व आपस में मिलजुलकर मनाते हैं।

इस वर्ष रक्षा बंधन का त्यौहार एक ऐसे समय में आया है जब समाज और देश कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कोरोना के कारण सामाजिक आर्थिक गतिविधियों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, किन्तु देश ने पूरी दृढ़ता और एकजुटता के साथ इन चुनौतियों का मिलकर सामना किया है ।

रक्षा बंधन के इस पर्व पर मेरा आग्रह है कि हम अपने परिवार के साथ-साथ समाज से भी एक नया रिश्ता स्थापित करें। जिस प्रकार हम अपनी बहनों की रक्षा और मदद का संकल्प लेते हैं, ठीक उसी प्रकार जरूरतमंदों की भी सहायता का प्रण करें।

हमारे विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों में वह सामर्थ्य है कि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी क्षमताओं के दम पर स्वयं को सिद्ध कर सकते हैं। आवश्यकता है तो बस उन्हें संबल प्रदान करने की। अतः

मेरा आग्रह है कि इस बार रक्षाबंधन को कुछ अलग तरीके से मनाते हुए इस उत्सव की खुशियां सभी के साथ साझा करने का प्रयास करें।